Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding repair of canals in Saurashtra region of Gujarat.

श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया (राजकोट) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपका ध्यान सौराष्ट्र क्षेत्र बांधों (धरणी) स्थित नहरों की ओर दिलाना चाहता हूं। ये नहरें बहुत पुरानी हो गयी हैं और इन नहरों की जलप्रवाह क्षमता भी काफी धीमी हो गयी है। इसीलिए इन नहरों को प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सीमेंट कंक्रीट करके लिफ्ट ईरिगेशन के लिए रूपांतरित किया जाए ताकि इन नहरों की जलप्रवाह की क्षमता में सुधार आ जाए। इससे जल बचत और जलवहन में भी वृद्धि होगी। सौराष्ट्र क्षेत्र स्थित बांधों की नहरों को प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत सीमेंट कंक्रीट करके लिफ्ट ईरिगेशन में रूपांतरित करने से किसानों को पानी जल्द से जल्द उपलबध कराया जा सकता है। पानी की समस्या खत्म होने के साथ-साथ किसानों को अधिक से अधिक फसल लेने में मदद होगी। इससे किसानों की आय दुगुना होने में भी मदद होगी। आप से अनुरोध है कि इस मामले पर निजी तौर पर ध्यान दें एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को समुचित निर्देश दें ताकि जनहित की समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो सके।

HON. SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Mohanbhai Kalyanjibhai Kundariya.